भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, 27 अप्रैल, 2017: क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आर सी एस) के तहत शिमला-दिल्ली क्षेत्र की प्रथम उड़ान विमान सेवा का माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुभारम्भ ।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आर सी एस) के तहत प्रथम उड़ान-उड़े देश का आम नागरिक विमान सेवा को झंड़ी दिखाकर शुभारम्भ किया। इसे विमानन क्षेत्र में पहले से ही एक क्रांति के रूप में देखा गया है । पहली फ्लाइट ने जुब्बारहट्टी, शिमला से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरी । इस अवसर पर, माननीय प्रधानमंत्री ने इस योजना के तहत कडप्पा -हैदराबाद और नांदेड़ -हैदराबाद क्षेत्रों पर वीडियो लिंक के जरिए उड़ानों को भी हरी झंडी दिखाई । यह कार्यक्रम श्री आचार्य देवव्रत, राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश, श्री वीरभद्र सिंह, मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश, श्री पी. अशोक गजपति राजू, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री, श्री जे.पी. नड्डा केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, श्री जयंत सिन्हा, केन्द्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

भारत सरकार की इस प्रतिष्ठित पहल के लिए नागर विमानन मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कार्यान्वयन एजेंसी है तथा यह देश भर में मौजूद गैर सेवित व अल्पसेवित हवाई अड्डों को हवाई संपर्कता उपलब्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है और उड़ान इस दिशा में एक विशाल कदम है । उड़ान किफायती हवाई यात्रा उपलब्ध कराता है, जो भारतीय विमानन उधोग के लिए अच्छी तरह से तैयार होगा जोकि विश्व के सबसे तेजी से बदले बाजारों में से एक है । उड़ान से बड़ी संख्या में फर्स्ट-टू-फ्लाई ग्राहकों की पूर्ति की उम्मीद है ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,
सं. 05/2017-18

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आर सी एस) के तहत जुब्बारहट्टी, शिमला हवाई अड्डे पर शिमला -दिल्ली क्षेत्र की प्रथम उड़ान फ्लाइट का शुभारम्भ करते हुए । साथ में उपस्थित है श्री आचार्य देवव्रत, राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश, श्री वीरभद्र सिंह, मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश, श्री पी. अशोक गजपति राजू , केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री, श्री जे. पी. नड्डा, केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री, श्री जयंत सिन्हा, केन्द्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री तथा श्रीआर. एन. चौबे, सचिव (नागर विमानन)